सेवा में,
सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
ग्लोब टेक क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड

विषयः– अनुशासनहीनता संबंधी स्पष्टीकरण के संबंध में

महोदय,

सादर निवेदन है कि आपके कार्यालय पत्रांक 45121 दिनांक 15-11-2025 के माध्यम से मुझसे अनुशासनहीनता के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसे डाक से आपके द्वारा दिनांक 20-11-2025 को प्रेषित किया गया तथा मुझे दिनांक 29-11-2025 को प्राप्त हुआ।

उक्त विषय के संबंध में सादर अवगत कराना है कि मेरे द्वारा कंपनी क्षेत्र के पर्यवेक्षक के साथ किसी भी प्रकार की जानबूझकर अनुशासनहीनता नहीं की गई है। विगत कुछ समय से वेतन का भुगतान समय से न होने तथा पीएफ एवं अन्य विवरण सही प्रकार से अपडेट न होने के कारण मैं मानसिक रूप से अत्यंत परेशान था। इसी मानसिक दबाव के चलते मुझसे भूलवश पर्यवेक्षक से ऊँची आवाज में बातचीत हो गई, जो कि पूर्णतः अनुचित था।

मैं अपनी इस त्रुटि के लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हूँ तथा आपको विश्वास दिलाता हूँ कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी घटना पुनः नहीं होगी। मैं सदैव कंपनी के नियमों एव अनुशासन का पूर्ण पालन करता रहूँगा।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृपया मेरा लंबित वेतन निर्गत करने की कृपा करें, क्योंकि वर्तमान में मेरे परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मैं पुनः आपको आश्वस्त करता हूँ कि भविष्य में मेरे द्वारा कोई भी अनुशासनहीन कृत्य नहीं किया जाएगा।

धन्यवाद।

दिनांक 11.02.2026

हस्ताक्षर अंकित

नाम–अंकित सैनी,
संविदाकर्मी अन्तर्गत–मथुरापुर उपकेन्द्र
पिता का नाम–श्री जयभगवान
पता–ग्राम जलालाबाद गोरटा,
जिला–गाजियाबाद।
मो0–6398004463
यू0एन0न0–101555169291

Scanned with CamScanner